हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 10 जून 2024, समय 1305 (5 मिनट))

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर विश्व नेताओं को उनके बधाई संदेश के लिए धन्यवाद दिया है।

सोशल मीडिया पर एक संदेश में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि कनाडा दोनों देशों के लोगों के बीच मानवाधिकारों, विविधता और कानून के शासन पर आधारित संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए भारत सरकार के साथ काम करने के लिए तैयार है। श्री मोदी ने कहा कि भारत आपसी समझ और एक-दूसरे की चिंताओं के सम्मान के आधार पर कनाडा के साथ काम करने को उत्सुक है।

माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स ने कहा कि श्री मोदी ने स्वास्थ्य, कृषि, महिला नेतृत्व वाले विकास और डिजिटल परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में वैश्विक प्रगति के लिए नवाचार के स्रोत के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत किया है। श्री गेट्स ने कहा वह भारत और दुनिया भर में लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर साझेदारी की आशा कर रहे हैं।

....

श्री नरेंद्र मोदी ने आज तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद भार संभालते ही किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की है। ये किस्त नौ करोड 30 लाख किसानों को लगभग बीस हजार करोड रुपये का लाभ पहुंचाएगी। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का पहला निर्णय, किसानों के कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

....

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा है कि प्रदेश में स्थापित सभी अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग की सभी धर्मशालाओं के नवीनीकरण व सुधारीकरण के

लिए 100 करोड़ रुपए की राशि जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने कार्यकाल में सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति के बैकलॉग को खत्म करने का काम किया है और अगर कहीं कमी रह गई है तो जल्द ही इसे पूरा किया जायेगा।

मुख्यमंत्री आज यहां उनका अभिवादन करने आए अनुसूचित जाति समाज के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे।

श्री नायब सिंह ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को अगर कोई दिक्कत या परेशानी है तो वह किसी भी समय संत कबीर कुटीर में आकर अपनी समस्या बता सकता है। उनकी समस्या के समाधान के लिए तुरंत प्रभाव से कार्य किया जाएगा। किसी के साथ कोई अन्याय नहीं होने दिया जायेगा।

उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा कुरुक्षेत्र में गुरु रविदास जी का धाम विकसित किया जा रहा है जहां उनकी शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार होगा और आने वाली पीढ़ियों को इसका लाभ मिल सकेगा।

....

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने इस बार के चुनाव में झूठ बोलकर लोगों को भ्रमित किया कि अगर श्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन जाते हैं तो वे संविधान को बदल देंगे, आरक्षण समाप्त कर देंगे।

कल चंडीगढ़ में एक पत्रकर वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश कॉंग्रेस के झूठ को समझ रहा है।

श्री नायब सिंह ने कहा कि श्री मोदी आज विश्व के लोकप्रिय नेताओं में से एक हैं, जो गरीब , किसान , महिलाओं को सशक्त करने और युवाओं को आगे बढ़ाने की चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत और तेज गति से आगे बढ़ेगा और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में हरियाणा मजबूती प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जवाहर लाल नेहरू ने संविधान में धारा-370 को शामिल किया था। डॉ भीमराव अंबेडकर ने संसद में इसका विरोध किया था । संविधान की मूल भावना के साथ कांग्रेस ने ही सबसे पहले खिलवाड़ किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने विभिन्न मंचों पर संविधान को अपमानित किया है, इसके लिए उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ भीमराव अंबेडकर को पूरा सम्मान दिया और उनके पंच स्थान को पंच तीर्थ में विकसित करके उन्हें सम्मानित करने का काम किया।

दिल्ली सरकार द्वारा पानी के विषय पर की जा रही बयानबाजी पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा दिए गए आदेशानुसार हरियाणा दिल्ली को उसके हिस्से से भी अधिक पानी दे रहा है। यदि हिमाचल प्रदेश से पानी आता है तो वह पूरा पानी दिल्ली को दिया जाएगा, कहीं कोई दिक्कत नहीं आएगी।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी झूठ का सहारा लेकर ही काम करती है। उन्होंने कहा कि पंजाब और दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार है । वे पंजाब से कहें कि एसवाईएल का पानी दें। जिससे हरियाणा की प्यास भी बुझेगी और दिल्ली को भी अतिरिक्त पानी मिलेगा

....